भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1269
30 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए

मत्स्य उतराई केन्द्र का आधुनिकीकरण

1269. डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन:

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार तमिलनाडु तट पर फिश लैन्डिंग सेंटर्स के विकास और आधुनिकीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) ने मरीन फिनफ़िश फ़ार्मिंग, जैव प्रौद्योगिकी और जैव विविधता तथा संरक्षण जैसे नए क्षेत्रों में अनुसंधान संबंधी कोई रिपोर्ट प्रकाशित की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार की चेन्नई, तमिलनाडु में संस्थान (सीएमएफआरआई) का क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क): जी हाँ, मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से तमिलनाडु सरकार सहित तटीय राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों और बंदरगाह ट्रस्ट प्राधिकरणों/पोर्ट ट्रस्ट एथोरिटीज़ को फिशिंग हारबर्स और फिश लैंडिंग सेन्टर्स के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जिसमें मौजूदा फिशिंग हारबर्स का आधुनिकीकरण भी शामिल है। मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने विगत 10 वर्षों के दौरान तमिलनाडु राज्य में 1774.97 करोड़ रु/- की कुल लागत से 13 फिशिंग हारबर्स और 27 फिश लैंडिंग सेंटर्स के विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

तमिलनाडु राज्य में विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुमोदित फिशिंग हारबर्स और फिश लैंडिंग सेंटर्स की परियोजनाओं का योजनावार विवरण नीचे दिया गया है:

(रुपए करोड़ में)

क्रम सं.	**योजनाओं का नाम तथा क्रियान्वयन अवधि**	**परियोजनाओं का प्रकार और संख्या**	**कुल लागत**	**केंद्रीय अंश**
(i)	**(ii)**	**(iii)**	**(iv)**	**(v)**
1	नीली क्रांति पर केंद्र प्रायोजित योजना: मात्स्यिकी का एकीकृत विकास और प्रबंधन (2015-16 से 2019-20)	फिशिंग हारबर्स : सं - 1 फिश लैंडिंग सेंटर्स: सं -1	187.90	93.94
2	प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (2020-21 से 2024-25)	फिशिंग हारबर्स : सं - 3 फिश लैंडिंग सेंटर्स: सं - 4	155.57	132.52
3	मात्स्यिकी एवं जल कृषि अवसंरचना विकास निधि (एफआईडीएफ) (2018-19 से 2026-27)	फिशिंग हारबर्स : सं - 9 फिश लैंडिंग सेंटर्स: सं - 22	1431.50	मत्स्यपालन विभाग, नाबार्ड द्वारा उपलब्ध कराए गए ऋण पर 3% तक ब्याज सहायता प्रदान करता है।
	कुल	फिशिंग हारबर्स: सं **- 13** फिश लैंडिंग सेंटर्स **:** सं **- 27**	**1774.97**	

(ख) और (ग): यह रिपोर्ट किया गया है कि सेंट्रल मरीन फिशेरीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएमएफआरआई) ने समुद्री फिनफिश फार्मिंग, जैव प्रौद्योगिकी, जैव विविधता और संरक्षण जैसे नए क्षेत्रों में शोध लेखों को पियर रिव्यूड जरनल्स, विशेष प्रकाशनों और अन्य संस्थान प्रकाशनों में शोध लेखों के रूप में प्रकाशित किया है। यह भी रिपोर्ट किया गया है कि 1965 से चेन्नई में सेंट्रल मरीन फिशेरीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएमएफआरआई) का एक क्षेत्रीय स्टेशन विद्यमान है ।

*****